Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 23/07/2022

## प्रकाशनार्थ

**शैक्षणिक समाचार**

**बीए–एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 27 को**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बीए–एलएलबी प्रथम वर्ष (द्वितीय सेमेस्टर) के संस्थागत विद्यार्थियों की ट्यूटोरियलध मौखिक परीक्षा 27 जुलाई को दोपहर 12 बजे से विधि विभाग में शुरू होगी। संयोजक प्रो जितेंद्र मिश्र ने कहा की परीक्षा के समय प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है। जिन विद्यार्थियों की परीक्षा छूट जाएगी। उनके दोबारा परीक्षा की कोई व्यवस्था नहीं हैं।

**बीए–एलएलबी अष्टम सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा एक अगस्त को**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बीए–एलएलबी चतुर्थ वर्ष (अष्टम सेमेस्टर) के संस्थागत छात्रों के रिसर्च पेपरध्केस कमेंट की मौखिक परीक्षा एक अगस्त को सुबह नौ बजे से विभाग में संपन्न होगी। संयोजक डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों की परीक्षा छूट जाएगी, उनके दोबारा परीक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। निर्धारित दिन और समय पर विद्यार्थियों को अनुक्रमांकवार पहुंचना होगा। विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

**भूगोल की कक्षाएं शुरू**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के सत्र 2022–23 स्नातक एवं स्नातकोत्तर(सीबीसीएस) तृतीय सेमेस्टर एवं बीए तृतीय वर्ष की कक्षाएं निर्धारित समय सारिणी के अनुसार प्रारंभ हो गई हैं। विभागाध्यक्ष प्रो शिवाकांत सिंह ने बताया कि समय सारिणी विभाग के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur